उत्तर पश्चिम रेलवे

△ 01

मंडल संरक्षा कार्यालय
जोधपुर

No. 1 AT/संरक्षा/कैलेंडर ड्राइव-01/JU/2026

दिनांक: - 12.01.2026

सभी अधिकारी उ.प.रे. जोधपुर मण्डल । सभी स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर, यातायात निरीक्षक, संरक्षा सलाहकार, यार्ड मास्टर, वरि.सेक्शन इंजीनियर(रेल पथ), वरि.सेक्शन इंजीनियर(संकेत),वरि.सेक्शन इंजीनियर(दूरसंचार), वरि.सेक्शन इंजीनियर (सवारी व माल), मुख्य लोको निरीक्षक । मुख्य नियंत्रक कंट्रोल, मुख्य नियंत्रक कैरेज, मुख्य नियंत्रक कंट्रोल लोको, मुख्य नियंत्रक (दूरसंचार), मुख्य नियंत्रक (बिजली) । प्रशिक्षक यातायात प्रशिक्षण स्कूल जोधपुर । गार्ड व चालक फ़ाइल जोधपुर, जैसलमेर, मेड़तारोड, बाड़मेर व समदड़ी। प्राचार्य डीजल प्रशिक्षण केंद्र भगत की कोठी।

कलेंडर संरक्षा अभियान - 01/2026

विषय:- कलेंडर संरक्षा अभियान सं.01,वर्ष 2026

संदर्भ:- मुख्य संरक्षा अधिकारी उ.प.रे. जयपुर के पत्र सं. उ.प.रे./ मुख्यालय/ संरक्षा/ सं. अभि./ कलेंडर दिनांक: 01.01.2026

प्रधान कार्यालय के उपरोक्त पत्रानुसार कलेंडर संरक्षा अभियान सं-01, दिनांक 12.01.2026 से 26.01.2026 तक चलाया जा रहा है, जिसमे परिचालन, यांत्रिक, सिविल इंजीनीयरिंग व दूरसंचार के सभी अधिकारीगण, पर्यवेक्षक भाग लेंगे व अभियान के निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देंगे:-

रनिंग स्टाफ:-

ड्राईवर प्रस्थान प्राधिकार के बिना स्टेशन से अपनी गाड़ी नही चलायेगा | गाड़ी के प्रस्थान से पहले वह इस बाबत अपना समाधान कर लेगा की सभी सही स्थावर सिग्नल और जहाँ आवश्यक है , वहां हैंड सिग्नल भी दे दिए गए हैं और उसके सामने लाइन पर कोई प्रत्यक्ष अवरोध नही है तथा गार्ड ने प्रस्थान सिग्नल दे दिया है |

स्टेशन स्टाफ:-

धुंध एवं कोहरे के मौसम में गाड़ी संचालन से संबंधित नियमों की पालना |

इंजी स्टाफ:-

सर्दी के मौसम की गश्त तथा सीटी बोर्डों की पुनः रंगाई | स्टेशन यार्डों में पॉइंट्स एवं क्रासिंग की मरम्मत होना सुनिश्चित करना |

संरक्षा अभियान की अनुपालना रिपोर्ट निम्न फार्मेट मे इस कार्यालय को दिनांक 27.01.2026 तक अवश्य भिजवाये।

किए गए निरीक्षण	पायी गयी कमियाँ	की गयी कार्यवाही

इसे अति आवश्यक समझें।

सहा. मण्डल संरक्षा अधिकारी
उ.प.रे. जोधपुर

Scanned with OKEN Scanner